अमर उजाला
23-03-2023

# प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए उठाएं कदम

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य पर गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान, ईको क्लब और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कालेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने बताया कि जल जीवन समाज के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है। कार्यक्रम के तहत डॉ. मीनू राठी समन्वयक पर्यावरण विज्ञान और डॉ कुलदीप यादव प्रधान ईको क्लब ने छात्रों को जागरूक किया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

डॉ. धर्मवीर सैनी अध्यक्ष इतिहास विभाग एवं कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण को लेकर शपथ दिलाई। कार्यक्रम में डॉ. शिखा जग्गी और डॉ. सरोज बाला भी उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता के बाद पोस्टर दिखाते गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के विद्यार्थी। संवाद